# वृषभानु दुलारी श्री राधे | By Babita Goswami

हमको भी प्यारी तुमको भी प्यारी
वृषभानु दुलारी श्री राधे
ऊँची पहाड़ी तेरी अटारी
वृषभानु दुलारी श्री राधे

बरसाने की पावन धरती के कण कण में श्री राधे
गूँज रहा है जल में थल में पवन गगन में श्री राधे
ब्रह्मा जी पूजे शंकर जी पूजे पूजें कुञ्ज बिहारी श्री राधे
हमको भी प्यारी तुमको भी प्यारी
वृषभानु दुलारी श्री राधे

स्वास स्वास में रमती जाऊं नाम तुम्हारा श्री राधे
सबसे उत्तम सबसे पावन जाप तुम्हारा श्री राधे
संतन जपत है भक्तन जपत है जपत बिहारी श्री राधे
हमको भी प्यारी तुमको भी प्यारी
वृषभानु दुलारी श्री राधे

श्री राम की तुम प्रिय सीता कान्हा की तुम श्री राधा
गुण तेरे गाये बबिता हर पल जीवन में ना हो बाधा
धरती भी बोले अम्बर भी बोले बोले दुनिया ये सारी श्री राधे
हमको भी प्यारी तुमको भी प्यारी
वृषभानु दुलारी श्री राधे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a5%83%e0%a4%b7%e0%a4%ad%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%81-%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a5%87-by-ba/